# अपना घर

**प्रश्न-1** पेड़ पर कौन अपना घर बनाता है?
**उत्तर-** पेड़ पर पक्षी अपना घर बनाते हैं।

**प्रश्न-2** पानी में कौन रहता है?
**उत्तर-** पानी में पानी के जीव मछली, कछुआ, मगरमच्छ आदि रहते हैं।

**प्रश्न-3** बिलों में कौन से जानवर रहते हैं?
**उत्तर-** चूहा ,चींटी, सांप, नेवला, खरगोश आदि जानवर बिलों में रहते हैं।

**प्रश्न-4** मांद किसे कहते हैं और वहां कौन-कौन रहता है?
**उत्तर-** बड़े बिलों को मांद कहते हैं, इन बिलों में गीदड़, लोमड़ी, भेड़िया आदि रहते हैं।

**प्रश्न-5** इगलू किसे कहते हैं?
**उत्तर-** बर्फीले स्थानों पर बर्फ की ईंटों से घर बनाते हैं ऐसे घर इगलू कहलाते हैं।

**प्रश्न-6** विगवैम या टीपी क्या है?
**उत्तर-** कपड़े या चमड़े से बने घरों को विगवैम या टीपी कहते हैं।

**प्रश्न-7** मनुष्यों को सुरक्षित स्थान की आवश्यकता क्यों महसूस हुई?
**उत्तर-** सर्दी गर्मी बरसात और जंगली जानवरों से खुद को बचाने के लिए मनुष्यों को सुरक्षित स्थान की आवश्यकता महसूस हुई।

***********************************